>

Title: Need to provide special package for providing clean drinking water in Rewa parliamentary constituency, Madhya Pradesh.

**श्री देवराज सिंह पटेल (रीवा):** मेरे संसदीय क्षेत्र मध्य प्रदेश के रीवा जिला का भू-जल स्तर लगातार गिर रहा है। पानी की उपलब्धता कम हो रही है। अधिकांश क्षेत्र पिछड़ा क्षेत्र हे जहाँ गरीबों की संख्या सर्वाधिक है। उनको पानी का प्रबंध करने में अत्यधिक धन खर्च करने पर भी शुद्ध जल प्राप्त नहीं हो पाता है। सरकार द्वारा जल संरक्षण से संबंधी स्कीमों को लागू नहीं किया जा रहा है। अत्यधिक प्रदूषित जल पीने से असाध्य बीमारियों जैसे हृदय रोग, किडनी रोग, कैंसर रोग, खून संक्रमण रोग फैल रहे हैं।

अतः सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र रीवा (म0प्र0) में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु विशेष पैकेज उपलब्ध करावें। प्रदूषण रूकवाने एवं जल संरक्षण स्कीम को प्रोत्साहन देने हेतु उचित एवं त्वरित कदम उठायें।